an>

Title: Regarding providing financial assistance for border safety and terrorism related operations.

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : महोदय, मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि पंजाब में पठानकोट में करीब डेढ़ महीने पहले आतंकी हमला हुआ, उसमें हमारे बहुत से जवान शहीद हुए हैं। उस पर केन्द्रीय बलों के द्वारा और भारत की सरकार द्वारा, भारतीय फौज द्वारा वहां पर एक्शन किया गया, उस पर कुछ खर्चा आया है और यह पंजाब की लड़ाई नहीं थी, यह देश की लड़ाई थी। सीमा की सुरक्षा, एयरबेस की सुरक्षा यह केन्द्र का काम था, परन्तु जो 12 करोड़ रुपये खर्चा आया है, इन सीमा बलों के ऊपर या रक्षा करने के ऊपर, वह खर्च पंजाब सरकार से मांगा जा रहा है और बाकायदा केन्द्र सरकार ने चिट्ठी लिखी है कि 12 करोड़ रुपया उस खर्चे का पंजाब सरकार केन्द्र सरकार को दे। यह हमारे प्रदेश के साथ सरासर अन्याय है। हम लोग देश की रक्षा के लिए वहां पठानकोट एयरबेस की रक्षा का नहीं, देश की रक्षा का सवाल था, देश की रक्षा के लिए पैसा खर्च हुआ, पंजाब सरकार इसके लिए जिम्मेदार नहीं है और पंजाब सरकार का यह बुनियादी काम नहीं था कि वह एयरबेस की या सीमा की सुरक्षा में किसी न किसी रूप में संलिप्त हो।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि पंजाब सरकार द्वारा मांगा जा रहा पैसा बन्द किया जाये और केन्द्र सरकार पूरा पैसा झेले और अपने पल्ले से खर्च करे। धन्यवाद।